# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **28 नवंबर को होने वाले नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी तेज, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई राजनीतिक हस्तियां होंगी शामिल।**

2. **केंद्रीय महिला–बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का किया शुभारंभ, बाल विवाह कुप्रथा को समाप्त करने के लिए नागरिकों से आगे आने का किया आह्वान।**

3. **झारखंड में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए धान की खरीदारी 15 दिसंबर से होगी शुरू, ग्रेड–ए किस्म की धान के लिए किसानों को प्रति क्विंटल दिए जाएंगे 2 हजार 420 रुपए।**

**और**

4. **रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा को लेकर रांची और पटना के बीच 26 नवंबर से 29 नवंबर तक परीक्षा स्पेशल ट्रेन का किया जा रहा परिचालन।**

*******************

झारखंड में 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। इनके साथ ही कुछ नवनिर्वाचित विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलायी जायेगी। समारोह में कई राजनीतिक हस्तियां शामिल होंगी। रांची के मोराबादी मैदान में आयोजित होने वाले समारोह को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

*******************

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नयी दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान– बाल विवाह मुक्त भारत का शुभारंभ किया। अभियान का प्राथमिक लक्ष्य देश को बाल विवाह से मुक्ति दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बाल विवाह मुक्ति भारत पोर्टल भी शुरू किया। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की शुरूआत जागरूकता बढ़ाने, बाल विवाह रोकने और ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना देने के मिशन में सहयोग के लिए की गई है। महिला और बाल विकास मंत्री ने इस अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक संकल्प भी दिलाया और बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए आम लोगों को बढ़–चढ़कर अपनी जिम्मेवारी निभाने का आह्वान किया।

*******************

उच्च न्यायालय ने झारखंड में मनरेगा, अवैध खनन, जमीन और कोयला घोटाले के आरोपियों पर कार्रवाई न होने पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। अदालत ने इस मामले में नौ जनवरी तक जवाब दाखिल करने को कहा है। गौरतलब है कि इडी ने दोषियों पर कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को पत्र लिखा था लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी कई मामलों में कार्रवाई नहीं की गयी। इसके बाद इडी ने सीबीआई जांच के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

*******************

झारखंड में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए धान खरीदारी की शुरुआत 15 दिसंबर से होगी। इस विपणन वर्ष में धान खरीद के लिए 6 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के लिए लक्ष्य **दो लाख 3** हजार मिट्रिक टन और सेंट्रल पुल के लिए **3 लाख 7** हजार मिट्रिक टन निर्धारित है।

इधर केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सामान्य किस्म की धान के लिए 2 हजार 300 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड–ए किस्म के धान की फसल के लिए 2 हजार 320 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। ऐसे में जब झारखंड सरकार किसानों से धान खरीदेगी तो सामान्य धान के लिए 2 हजार 400 रुपए और ग्रेड ए किस्म की धान के लिए 2 हजार 420 रुपए प्रति क्विंटल दिए जाएंगे।

*******************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए **कॉमन रिव्यू मिशन–सीआरएम** की टीम झारखंड दौरे पर आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ इंद्रानिल दास और अवर सचिव मलय कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम साहेबगंज और पूर्वी सिंहभूम जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करेगी।

*******************

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा को लेकर रेलवे रांची और पटना के बीच धनबाद होकर 26 नवंबर से 29 नवंबर तक परीक्षा स्पेशल ट्रेन चला रहा है। **रांची–पटना** परीक्षा स्पेशल ट्रेन 27 और 28 नवंबर को रांची से रात 11 बजकर 10 मिनट पर खुलेगी और धनबाद होते हुए अगले दिन दोपहर 2 बजकर 45 मिनट पर पटना पहुंचेगी। वापसी में यह 27 और 29 नवंबर को पटना से दोपहर 3 बजकर 15 मिनट पर खुलेगी और अगले दिन सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर रांची पहुंचेगी।

*******************

संविधान दिवस के अवसर पर चतरा जिले में संस्थानों और कार्यालयों में संविधान की प्रस्तावना ***'हम भारत के लोग'*** की शपथ भी दिलाई गयी। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने बिना कोई शुल्क के आधार कार्ड में अपडेट करने के लिए अंतिम तारीख 14 दिसंबर तक निर्धारित की है। इसके बाद 50 रुपये का शुल्क भुगतान करना होगा। प्राधिकरण ने विशेष रूप से उन नागरिकों से अपील की है, जिनका आधार कार्ड 10 साल से अधिक पुराना है, वे 14 दिसंबर तक इसे निःशुल्क अपडेट करवा सकते हैं।

*******************

लातेहार जिले में पुलिस ने बंदुआ जंगल से दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि ये उग्रवादी आगजनी और फायरिंग की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। पुलिस को देखते ही उग्रवादियों ने फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस बल ने दो उग्रवादियों को घेरकर पकड़ लिया।

वहीं जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के नवाडीह में आपसी झगड़े में माओवादी कमांडर छोटू खरवार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सली कमांडर छोटू खरवार 100 से अधिक नक्सली घटनाओं का अभियुक्त था। आज सुबह उसका शव बरामद हुआ है। पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक वाईएस रमेश ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आपसी विवाद में खरवार की हत्या हुई है।

*******************

हजारीबाग जिले में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर में किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर प्रधान जिला जज रंजीत कुमार ने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों से बैंकिंग मामलों के निष्पादन को लेकर तेज गति से काम करने को कहा। उन्होंने सभी पक्षकारों को नोटिस भेजे जाने और बैंक की राशि की रिकवरी की जानकारी भी दी।

********समाप्त***********